चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 17.8.25 | 5 | 4-5 |

## एचएयू ने जारी किए विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एमएससी एग्रीकल्चर, कम्यूनिटी सांइस, एमटेक एग्री. इंजीनियरिंग, एमएफएससी, बीएससी लाइफ सांइस, बीएससी फिजीकल सांइस व बीटेक बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम में प्रियंका ने 84 अंक (प्रथम), नितिन ने 83 अंक(द्वितीय) व सुमित ने 79 अंक हासिल(तृतीय) किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षाएं जोकि 20 जुलाई व 3 अगस्त को आयोजित की गई थी, उनके परिणाम अभ्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 17.8.25 | 12 | 1 |

## हकृवि ने घोषित किए प्रवेश परीक्षा के परिणाम

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एमएससी एग्रीकल्चर, कम्यूनिटी सांइस, एमटेक एग्री. इंजीनियरिंग, एमएफएससी, बीएसएसी लाइफ सांइस, बीएससी फिजीकल सांइस व बीटेक बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बताया कि एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम में प्रियंका ने 84 अंक, नितिन ने 83 अंक व सुमित ने 79 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि ये प्रवेश परीक्षाएं 20 जुलाई व 3 अगस्त को आयोजित की गई थी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17.8.25 | 4 | 5 |

## रणबांकुरों की शहादत याद रहेगी : प्रो. कांबोज



**हिसार|** एचएयू कैंपस स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम हुआ। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। स्कूल की निदेशिका संतोष ने अध्यक्षता की। उन्होंने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले शहीदों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से भरे सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। 200 छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। कैंपस स्कूल के प्राचार्य सोमा सेखरा र्समा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 17.8.25 | 3 | 7-8 |




चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कैंपस स्कूल में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए • पीआरओ

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 17.8.25 | 2 | 5-6 |

## आजादी के रणबांकुरों की शहादत को राष्ट्र सदैव याद रखेगा : प्रो. कांबोज




सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। स्रोत : आयोजक

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कैंपस स्कूल परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्कूल की निदेशिका संतोष ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कुलपति ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में जिन स्वतंत्रता सेनानियों व क्रांतिकारी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया राष्ट्र उन रणबांकुरों की शहादत को सदैव याद रखेगा। उन्होंने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 17.8.25 | 3 | 7-8 |



कार्यक्रम को सम्बोधित करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

# आज़ादी के रणबांकुरों की शहादत को राष्ट्र सदैव याद रखेगा : प्रो. काम्बोज

हिसार, 16 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कैंपस स्कूल परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने करतल ध्वनि के बीच ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश को आजादी दिलाने में जिन स्वतंत्रता सेनानियों व क्रांतिकारी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया राष्ट्र उन रणबांकुरों की शहादत को सदैव याद रखेगा। देश के कृषि विकास में विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए योगदान पर भी उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. काम्बोज ने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने देश भक्ति पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसमें 200 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने शहीद उधम सिंह के जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी। एनसीसी कैडेट्स ने कदमताल, पीटी शो, तिरंगा गीत तथा हरियाणवी नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों से तालियां बटोरी। प्राध्यापक सुषमा चौधरी ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।